# क्षेत्रीय कार्यालय, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास
## (यांत्रिकी प्रकोष्ठ) बिलासपुर संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

पोस्ट ऑफिस के बगल वाली गली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास,
वार्ड क्र. 51 राजकिशोर नगर, बिलासपुर
ई–मेल serobilaspur@rediffmail.com, tccellbsp@gmail.com

---

क्रमांक 910 /यां.प्र/रतनपुर/2026 बिलासपुर,दिनांक: 08/07/2026

प्रति,

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद रतनपुर
जिला–बिलासपुर (छ0ग0)

**अंतिम स्मरण पत्र**

विषय :– उच्च न्यायालय के निर्णय उपरांत भी नवीन कार्यालय भवन निर्माण कार्य की नियम विरूद्व निविदा आमंत्रण एवं कूट रचित दस्तावेज वाले ठेकेदार को दी गई निविदा के संबंध में।

संदर्भः– **1.**संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास नवा रायपुर के माध्यम से प्राप्त शिकायतकर्ता श्री विक्रांत तिवारी, गोंड़पारा बिलासपुर का पत्र क्र एवं दिनांक निरंक।
**2.**संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास बिलासपुर का आदेश क्रमांक/GENS-2101/195/2026 दिनांक 12.01.2026।
**3.**कार्यालयीन पत्र क्रमांक 2737, दिनांक 22.01.2026।
**4.**कार्यालयीन पत्र क्रमांक 3110, दिनांक 24.02.2026।

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र क्र 01 के माध्यम से प्राप्त श्री विक्रांत तिवारी, गोंड़पारा बिलासपुर का पत्र क्र, दिनांक–निरंक द्वारा प्राप्त शिकायत के संबंध में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु संदर्भित पत्र क्र 03 एवं 04 के माध्यम से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था, साथ ही बार–बार दूरभाष के माध्यम से भी सूचित किया गया था एवं कार्यालय में समक्ष में भी आपको सूचित किया गया था, किंतु आज दिनांक तक जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज अप्राप्त है। जिससे जांच की प्रक्रिया बाधित हो रही है तथा उच्च कार्यालय को प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

अतः अंतिम सूचना दिया जाता है कि शिकायत के संबंध में आवश्यक दस्तावेज विशेष वाहक के हस्ते तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें, अन्यथा आपके विरूद्व कार्यवाही प्रस्तावित किया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी आपकी होगी।

**कार्यपालन अभियंता**
नगरीय प्रशासन एवं विकास
बिलासपुर (छ.ग.)

F/general letter